प्रादेशिक समाचार
दिनांक–26.09.2024 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने धनबाद के परिवर्तन रैली में कहा–भ्रष्ट मुख्यमंत्री के रहते झारखंड का विकास नहीं हो सकता।**
2. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अक्तूबर को हजारीबाग में आयोजित परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में होंगे शामिल, भाजपा नेताओं ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा।**
3. **राज्य सरकार ने पौने दो लाख किसानों के 400 करोड़ रुपये का कर्ज किया माफ, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा–किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार ने उठाये कई कदम।**
4. **नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को मिली एक और सफलता, गिरिडीह से एक लाख रुपये का इनामी नक्सली गिरफ्तार, तीन राइफल और बड़ी संख्या में कारतूस बरामद।**
5. **रांची, खूंटी, धनबाद समेत राज्य के कई हिस्सों बारिश का सिलसिला जारी, मौसम विभाग ने पलामू और संताल क्षेत्र में कल भारी बारिश का जताया पूर्वानुमान, औरेंज अलर्ट जारी।**

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भ्रष्ट मुख्यमंत्री के रहते झारखंड का विकास नहीं हो सकता। वे आज धनबाद के गोल्फ मैदान में परिवर्तन रैली को संबोधित कर रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि जिस मकसद से राज्य का गठन हुआ था, वह अब तक पूरा नहीं हो सका है।

इधर, पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुमला में रोड शो किया और सिसई में परिवर्तन सभा को संबोधित किया। मौके पर उन्होंने राज्य सरकार पर जनता की अनदेखी का आरोप लगाया।

****

उधर, पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज जामाताड़ा जिले के कुंडहित में आयोजित भाजपा की परिवर्तन सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने झामुमो और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने राज्य सरकार पर जनता के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। खूंटी में पत्रकारों से बातचीत में श्री मुंडा ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार राजनीतिक लाभ के लिए विभाजन की राजनीति कर रही है।

****

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने दावा किया है कि राज्य में सत्ता परिवर्तन तय है। उन्होंने कहा है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत होगी। सरायकेला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा ही आदिवासियों और मूलवासियों की पीड़ा समझती है।

****

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की सुरक्षा में कटौती के फैसले पर भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य सरकार की आलोचना की है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार की घटिया मानसिकता का प्रमाण है।

इधर, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार चंपई सोरेन के खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अक्तूबर को हजारीबाग में आयोजित परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर आज भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सदस्य सह प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, सांसद मनीष जायसवाल समेत पार्टी के कई नेताओं कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान का जायजा लिया। मौके पर पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश महामंत्री श्री वर्मा ने कहा कि पार्टी की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में भाग लेने प्रधानमंत्री हजारीबाग आयेंगे।

****

राज्य सरकार ने आज करीब पौने दो लाख किसानों का दो लाख रुपये तक का ऋण माफ कर दिया। रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजितएक विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के किसानों के करीब 400 करोड़ रुपये की कृषि लोन माफ करने की घोषणा की। इस मौके पर श्री सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार द्वारा कई कदम उठाये गये हैं।

मौके पर कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए लगातार काम कर रही है।

****

झारखंड के बोकारो, गिरिडीह और हजारीबाग के 70 मजदूर मलेशिया में फंस गये हैं। मजदूरों ने सोशल मीडिया के माध्यम से केन्द्र और राज्य सरकार से वतन वापसी की गुहार लगायी है। इस बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से मलेशिया में फंसे मजदूरों की घर वापसी कराने का आग्रह किया है।

****

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने गिरिडीह जिले से एक लाख रुपये के इनामी नक्सली लक्ष्मण राय को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली की निशानदेही पर पुलिस और सीआरपीएफ ने पारसनाथ के तराई में छापा मारकर तीन राइफल और 14 सौ से ज्यादा गोलियों के अलावा कई आपत्तिजनक चीजें बरामद की हैं।

<u>**************</u>**

दुमका जिले में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जागरूक किया जा रहा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता—

<u>**************</u>**

रांची, खूंटी, धनबाद समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने पलामू और संताल क्षेत्र में कल भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इसे लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि कल पलामू, गढ़वा और लातेहार के अलावा गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ में भी भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

<u>**************</u>**